शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय एंव चिकित्सालय
आयुष परिसर एम.ए.सी.टी. हिल्स चूना भट्टी भोपाल म.प्र.
prighmcbho@mp.gov.in

क्रमांक / कॉलेज/पीव्हीटीजी/एससीडी/निविदा/19/ 4447-48 भोपाल, दिनांक: 08/7/19

## -:: सीमित निविदा ::-

शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल ट्राइबल पीव्हीटीजी एससीडी प्रोजेक्ट अंतर्गत शोध कार्य के लिए Homoeopathic Software क्रय किया जाना है | जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| Supply and installation of Homoeopathic Software | |
|---|---|
| Sl.No. | Specification |
| 1. | Homoeopathic Software: Homoeopathic Repertorisation, Materia Medica & Patient management software for Windows, OS-X and Linux, iOS, Android (tablet and mobile phone App) For minimum three years of support and upgrade |

उपरोक्तानुसार सामग्री क्रय किये जाने हेतु शासकीय पंजीकृत एवं योग्य आपूर्तिकर्ताओं से मुहर बंद सीमित निविदा संलग्न ANNEXURE-1 में आमंत्रित की जाती है | सीमित निविदा सूचना एवं निविदा के नियम व शर्तें कार्यालय से एवं उसकी वेबसाइट www.ghmcbhopalayush.com से प्राप्त की जा सकती है | इच्छुक पंजीकृत एवं योग्य आपूर्तिकर्ता जो सीमित निविदा में दी गयी शर्तों के अनुसार योग्यता रखते हैं वे दिनांक 02-08-2019 को समय दोपहर 01:00 बजे तक मोहर बंद सीमित निविदा कार्यालय में जमा कर सकेंगे | निविदायें उसी दिन अपराहांत 05:00 बजे खोली जाएगी | सामग्री का क्रय खरीद नियम व सेवा शर्तों के अधीन की जावेगी|

नियम व शर्त :-

1. निविदा संलग्न ANNEXURE-1 कागज पर स्याही से लिखा गया या टंकित किया गया आवेदन प्रारूप जिसमें निविदाकर्ता फर्म का नाम, सम्पूर्ण पता, दूरभाष , वैध एवं जीवित पंजीयन, सामग्री की कर सहित दर (कर की दरें पृथक से उल्लेखित की जावें ) एवं विनिर्देशन आदि का सम्पूर्ण विवरण दिया जावे | आवेदन प्रारूप मुहरबंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से Homoeopathic Software हेतु सीमित निविदा लिखा जावें | टीप लिखे एवं सशर्त आवेदन अमान्य होंगे |
2. चयनित आपूर्तिकर्ता /फर्म द्वारा Homoeopathic Software इस महाविद्यालय कार्यालय के अनुसंधान कक्ष एवं फील्ड में उपलब्ध करते हुए इंस्टालेशन करना होगा |
3. क्रय की जाने वाली सामग्री की पृथक पृथक दरें प्रति ईकाई के मान से प्रस्तुत की जावें अन्यथा की दशा में निविदा मान्य नहीं होगा |
4. निविदा या तो कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है या रजिस्टर्ड डॉक द्वारा प्राचार्य शासकीय होम्योपैथीक चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से भेजी जा सकती है | निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत आवेदन अमान्य होंगे|
5. निविदादाता फर्म का मध्यप्रदेश वाणिज्य कर विभाग अथवा जी.एस.टी में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है |
6. निविदादाता फर्म का मध्यप्रदेश सरकार अथवा भारत सरकार (एल.यु.एन./जेम/एम.पी.एच.सी.एल. आदि) में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है |
7. खोली गयी निविदाओं से Homoeopathic Software सामग्री उपयुक्तता, न्यूनतम दर, गुणवत्ता और विनिर्देशन(स्पेसिफिकेशन) सुनिश्चित कर उपयुक्त आपूर्तिकर्ता का चयन किया जावेगा |
8. निविदादाता को उसकी निविदा स्वीकृत होने की दशा में कार्य आदेश प्राप्ति के दिनांक से सात दिवस की समयावधि में Homoeopathic Software कार्यालय को उपलब्ध करना होगी| सामग्री कार्यालय में सुपुर्दगी सम्बन्धी समस्त व्यय आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं वहन किये जावेंगे |

9. चयनित निविदादाता द्वारा उपलब्ध सामग्री भौतिक एवं तकनीकी सत्यापन में उपयुक्त पाये जाने की दशा में क्रय की जावेगी |
10. स्वीकृत कार्य हेतु किसी भी प्रकार की अग्रिम राशि आपूर्तिकर्ता को नहीं दी जावेगी | निविदा मान्य / अमान्य किसी भी परिवर्तन का संपूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य एंव सी.ई.ओ शासकीय होम्योपैथीक चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल को होगा |
11. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य एंव सी.ई.ओ शासकीय होम्योपैथीक चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा |

प्रधानाचार्य एंव सी.ई.ओ
शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय
एंव चिकित्सालय भोपाल म.प्र.

प्र.क्रमांक / कॉलेज/पीव्हीटीजी/एससीडी/निविदा/19/ 4447-48 भोपाल, दिनांक: 02/7/19

प्रतिलिपि:-

1. वेबसाइट इनचार्ज, स्थानीय महाविद्यालय की ओर वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित है |
2. मेसर्स (i) Sfa Technologies, Bhopal ........ की और प्रेषित |
(ii) IT World, Bhopal
(iii) XtraNet BPO Private Limited, Bhopal
(iv) Computronix, Bhopal.

प्रधानाचार्य एंव सी.ई.ओ
शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय
एंव चिकित्सालय भोपाल म.प्र.